मध्य प्रदेश शासन

उच्च शिक्षा विभाग

मंत्रालय, भोपाल-462004

क्रमांक 941 /39 /रासेयो/2024/38,

प्रति,

भोपाल, दिनांक 07/10/2024

1. अतिरिक्त संचालक,
   उच्च शिक्षा, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय (म.प्र.)
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय महाविद्यालय, (म.प्र.)

विषय:-प्रदेश के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत कार्यक्रम समन्वयक के पद पर पदस्थगी हेतु आवेदन-पत्र भेजने संबंधी।

सन्दर्भ:-विभागीय पत्र क्रमांक 629 दिनांक 8.7.2024.

--0--

कृपया उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रानुसार मध्यप्रदेश के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ,में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के संचालन हेतु पूर्व में सृजित कार्यक्रम समन्वयकों (रासेयो) के पद (शासकीय) पर पदस्थगी. हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। किन्तु निर्धारित संख्या तथा अर्हतानुसार आवेदन प्राप्त न होने के कारण पुनः देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहें हैं।

अतः निम्नलिखित अर्हता रखने वाले शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापक, एसोसिएट प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक जो रासेयो कार्यक्रम समन्वयक/कार्यक्रम अधिकारी/जिला संगठक के पद पर कार्य कर रहे हैं या कर चुके हैं, अपना आवेदन प्राचार्य/कुलपति की अनुशंसा सहित टीप पत्र जारी होने के दिनांक से दिनांक **18.11.2024** तक रासेयो प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन-3, नवीन भवन द्वितीय तल, मंत्रालय, भोपाल में उपलब्ध करायें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. अभ्यार्थी शासकीय सम्बद्ध (एफीलेटेड) महाविद्यालय में रीडर/सीनियर लेक्चरार (प्राध्यापक / एसोसिएट प्राध्यापक/ सहायक प्राध्यापक) होना चाहिए अथवा रीडर स्तर के प्राचार्य जो कि सम्बद्ध (एफीलेटेड) महाविद्यालय से हो एवं एनएसएस का वांछित ज्ञान रखते हो।
2. एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के तौर पर कम से कम 03 वर्ष का अनुभव रखते हो।
3. ट्रेनिंग ओरिएनटेशन सेन्टर या ईटीआई से उन्मुखीकरण कार्यक्रम/प्रशिक्षित हो। (10 दिवसीय/07 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त)
4. कार्यक्रम समन्वयक के चयन के समय आयु 50 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
5. कार्यक्रम समन्वयक की पदस्थगी अस्थाई तौर पर 03 वर्ष की होगी। संतोषजनक कार्य पाए जाने पर उसमें 01 वर्ष की वृद्धि की जा सकती है।

(संलग्न:-आवेदन पत्र का प्रारूप)

(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

7-10-24

(वीरन सिंह भलावी)

अवर सचिव

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

1527/R 8/10/24

1873/ 14/10/24

DR Admn

NSS

IT Cell

पृ.क्र. ७५८/ ३ ७ /रासेयो/2024 /38 भोपाल, दिनांक 07/11 /2024

प्रतिलिपि:-

1. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा विभाग ,म.प्र.।
2. निज सहायक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. कुल सचिव, समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय, म.प्र.। कृपया अवगत हों कि नवीन पदस्थगी होने तक वर्तमान में कार्यरत/पदस्थ रासेयो कार्यक्रम समन्वयक यथावत रहेंगें।
5. निदेशक,एनएसएस निदेशालय, भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. उपकार्यक्रम सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रासेयो क्षेत्रीय केन्द्र ई-1/123, अरेरा कालोनी, भोपाल।
7. कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो समस्त विश्वविद्यालय,म.प्र.।
8. आई.टी.प्रकोष्ठ,उच्च शिक्षा संचालनालय की ओर प्रकाशनार्थ ।

7-10-24

अवर सचिव

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

कार्यक्रम समन्वयक (रासेयो) के पद पर पदस्थगी हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय,
वल्लभ भवन-3, नवीन भवन द्वितीय तल,
भोपाल (म.प्र.)

विषयः- शासकीय रासेयोयुक्त देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में रासेयो कार्यक्रम समन्वयक, के पद पर पदस्थगी हेतु।

--0--

1	नाम मोबाईल नंबर एवं ईमेल आई डी	
2.	पिता/पति का नाम.	
3.	महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का नाम	
4.	वर्तमान पद	
5.	विषय	
6.	वर्तमान पद पर नियुक्ति दिनांक	
7.	लोक सेवा आयोग से चयन वर्ष	
8.	जन्मतिथि	
9.	शैक्षणिक योग्यता	
10.	राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण वर्ष अवधि एवं स्थान	
11.	वेतन श्रेणी जिसमें कार्यरत हैं	
12.	वर्तमान में प्राप्त मूल वेतन तथा अन्य भत्ते	
13.	रासेयो कार्यक्रम अधिकारी/जिला संगठक/कार्यक्रम समन्वयक के अनुभव (अवधि, संस्था के नाम सहित)	
14.	कार्यक्रम समन्वयक के पद पर पदस्थगी हेतु सहमति हैं, तो स्पष्ट अभिमत दें	
15.	विश्वविद्यालय का नाम जिसके लिये आवेदन किया जा रहा	

हस्ताक्षर.......................................

नाम...

टिप्पणी :-

1. सभी जानकारियॉं वांछित अभिलेखों के साथ स्वयं द्वारा सत्यापित एवं अगर प्रमाणित करने की आवश्यकता है तो प्रमाणित कर प्रस्तुत की जाए।
2. प्राचार्य, इस टीप के साथ आवेदन पत्र अग्रेषित करें कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी सही हैं।
3. इनका विगत 05 वर्षो का कार्य, व्यवहार, चरित्र कैसा हैं, स्पष्ट लिखें।
4. इनके विरूद्ध विभागीय जॉंच, अपराधिक प्रकरण या ऐसा कोई अन्य अवांछित प्रकरण लंबित तो नही हैं।
5. आवेदन पत्र कुलपति/प्राचार्य की अनुशंसा तथा सत्यापन सहित भेजें। लिफाफे पर स्पष्ट उल्लेख करें कि कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो के पद हेतु आवेदन पत्र।
6. यदि उपरोक्त टिप्पणी के साथ आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता हैं तो स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।